हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

11 कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी डा. चावला....

11 खेल जीवन के अभिन्न अंग : सतीश मच्छाल

खबर संक्षेप

तीन सितंबर को लगेगा रोजगार मेला

जींद। जिला रोजगार अधिकारी अंजू नरवाल ने बताया कि तीन सितंबर को रोजगार कार्यालय में सुबह दस बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में एसआईएस मोती लाल नेहरू स्कूल जींद के नियोजकों द्वारा भाग लिया जाएगा। मेले में नियोजकों द्वारा प्रार्थियों को सिक्योरिटी गार्ड, सेक्टरी सुपरवाइजर व सभी विषयों के प्राइमरी टीचर पीआरटी, टीजीटीए बस ड्राइवर आदि पदों के लिए चयन किया जाना है।

मकान का ताला तोड़कर लाखों की नकदी निकाली

कैथल। फतेहपुर के राकेश में पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका मकान संतोषी माता मंदिर फतेहपुर के निकट है। आरोप है कि चोर 29 अगस्त को दिन दहाडे उसके घर में घुसकर ताला तोड़ते वहां पर रखे सोने में चांदी के जेवरात तथा मोबाइल फोन चुरा कर ले गए।

रंजिशन मारपीट करने पर दो के खिलाफ केस

जींद। गांव कालवा में रंजिशन मारपीट करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों रोड जींद निवासी महेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कार्यवश गांव कालवा गया हुआ था। उसी दौरान उसकी गांव के संतराम तथा राजेश से कहासुनी हो गई।

खाली भवन से सामान चोरी का आरोपी दबोचा

कैथल। सीवन स्थित एक खाली पड़े भवन से एल्युमिनियम गेट व अन्य सामान चोरी मामले की जांच थाना सीवन पुलिस के एचसी जरनैल सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी सीवन निवासी संजय को गिरफ्तार कर लिया गया। सीवन निवासी संजय की शिकायत अनुसार मेन रोड़ सीवन पर गली में उनका दूसरा भवन खाली पड़ा है।

जलघर से बिजली मोटर और अन्य सामान चोरी

जींद। गांव खरकगागर जलघर से तीन पावर बिजली मोटर, पंप सेट तथा अन्य सामान के गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जनस्वास्थय विभाग के एसडीओ सब डिवीजन सफीदों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विभाग द्वारा गांव खरकगागर के जलघर में तीन मोटर, पंप सेट,पंखा रखा था।

अमेरिका भेजने के नाम पर ठगी के आरोपी काबू

कैथल। अमेरिका भेजने के नाम पर 5.41 लाख रुपये ठगी करने के मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई रामपाल की टीम द्वारा करते आरोपी विक्रमजीत निवासी अमृतसर (पंजाब) तथा कृष्ण कुमार निवासी पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि करोड़ा के महाबीर की शिकायत अनुसार उसका बेटा मोनू, जो पहले से यूके में रह रहा है।

संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

जींद। चाबरी कालोनी से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चाबरी कालोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का सुराग नही लगा।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं होगी सम्मानित

कैथल। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से हर वर्ष 8 मार्च को महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया जाता है।

दस दिनों से जिले में हर रोज हो रही कहीं न कहीं बारिश, कैथल में तीन दिन के लिए आरेंज अलर्ट जारी

मौसम के तेवरों से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

बारिश से मौसम सुहाना होने के साथ तापमान में भी हलकी गिरावट दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मानसून की सक्रियता के चलते आकाश में लगे बादलों के जमावड़े के साथ बारिश की फुहारों के साथ किसानों की धड़कने उपर नीचे होती रही। किसानों को भय सताता रहा कि कहीं आफत बनी बारिश उनकी फसलों को चौपट न कर दे। सोमवार दोपहर बाद शहर तथा आसपास के इलाकों में बारिश होने के साथ फुहार भी शाम तक गिरती रही। जिसके चलते सड़कों पर बारिश का पानी जमा हो गया और लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। बारिश से मौसम सुहाना होने के साथ तापमान में भी हलकी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 96 प्रतिशत और हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आकाश में घुमड़ते बादलों से बारिश की संभावना भी बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटो के दौरान बादल छाए रहने के साथ बारिश की सभावना है। सोमवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन में हलकी फुहार भी पड़ी। दोपहर बाद मौसम ने तेजी से करवट ली। आकाश में काली घटा छा गई। जिसके साथ हवा की गति भी तेज हो गई। जिसके बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। जिससे शहर की सड़कों पर पानी भी जमा हो गया। मौसम भी सुहाना हो गया। सोमवार को जींद में 10 एमएम, उचाना में सात एमएम, जुलाना में चार एमएम, अलेवा में तीन एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि अन्य स्थानो पर हलकी बूंदाबांदी दर्ज की गई। आकाश से हलकी फुहार गिरती रही और गहरे बादलों का जमावडा लगा रहा।

सड़कों पर बारिश का पानी जमा, चालक परेशान

जींद। दोपहर के समय होती तेज बारिश व बारिश के बीच गोहाना रोड पर बस में चढ़ते यात्री।

कृषि से संबंधित कार्य मौसम को ध्यान मे रख करें

पिल्लूखेडा, जुलाना, उचाना तथा नरवाना के कुछ ऐसे इलाके हैं जंहा पर पहले से बरसाती पानी फसलों में खड़ा हुआ है। पिछले दस दिनों से जिले मे हर रोज किसी न किसी इलाके बारिश हो रही है। जिसके चलते पानी फसलों में खड़ा हुआ है। किसानो का कहना है कि लगभग तीन दर्जन ऐसे गांव हैं, जंहा पर फसले डूबी हुई है। अगर ऐसे हालात में बारिश होती है तो काफी बड़ा इलाका प्रभावित होगा। किसानों मेहनत पर पानी फिर जाएगा। मौसम वैज्ञानिक डा राजेश ने बताया कि मानसून लगातार ऐक्टिवेट है। जिसके चलते लगातार बारिश हो रही है। अगले 24 घंटों के दौरान बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना है। किसान कृषि से संबंधित कार्य मौसम को ध्यान मे रख करें।

कैथलः खेत खलिहान पानी से लबालब

जलभराव होने से आवागमन के दौरान परेशानियां उठानी पड़ रही

- मौसम विशेषज्ञ के मुताबिक जिले में बारिश का सिलसिला तीन सितंबर तक जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में पिछले तीन दिन से हो रही बरसात सोमवार को भी जारी रही। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिन के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही लोगों को अभी बारिश से राहत मिलने वाली नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से पिछले दो दिनों से ज्यादा व एक हफ्ते से हल्की बारिश होने से लोगों को अभी राहत मिलने के आसार नहीं है। सोमवार को दूसरे दिन भी झमाझम बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञ के मुताबिक जिले में बारिश का यह सिलसिला तीन सितंबर तक जारी रहेगा। मौसम विभाग ने तीन दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, बारिश के कारण विभिन्न स्थानों पर जलभराव होने से लोगों को आवागमन के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ा। कृषि विज्ञान केंद्र कैथल के मौसम समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि आगामी तीन दिनों तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है, जिसके असर से एक कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके अलावा मानसून रेखा पूर्वी राजस्थान पर बनी हुई है। साथ ही बंगाल की खाड़ी पर एक चक्रवातीय क्षेत्र बना हुआ है। इनके कारण पूर्वी व पश्चिमी हवाओं का टकराव हो रहा है, जिससे प्रदेश व जिले में मानसून सक्रिय बना हुआ है। सोमवार को भी शाम के समय मध्यम से तेज बारिश दर्ज की गई। जिले के मौसम में आए परिवर्तन के चलते पिछले तीन दिनों से ज्यादा स्थिति खराब हो रही, जिससे बादलवाही जारी है। इससे जिले के अधिकतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले तीन दिनों तक बारिश के आसार जताए गए हैं। मौसम के परिवर्तनशील रहने के चलते शनिवार को मौसम सुहावना रहा। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

कैथल। खरक पांडवा के खेतों मे जमा बरसाती पानी। *फोटो :हरिभूमि*

सामान्य से ज्यादा बारिश

बारिश के आसार जताए जाने को लेकर किसान जितेंद्र, महेंद्र, रामलाल, अश्वनी, नेतराम और पोकर राम आदि ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से दिनों में सामान्य से ज्यादा बारिश हो चुकी है। ऐसे में अगर अब और बारिश होती है तो इससे फसलों को नुकसान होने की आंशका है। वहीं अगर धूप निकलती है तो यह फसलों के लिए फायदेमंद है।

जलभराव समस्या से निपटन के निर्देश

नरवाना। शहर में हो रही लगातार बारिश और उससे उत्पन्न जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम जगदीश चंद्र ने सोमवार को अधिकारियों की टीम के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस निरीक्षण के दौरान जन स्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन गुरमीत सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे। अधिकारियों की यह टीम जलभराव की समस्या से ग्रसित मुख्य सड़कों, विश्वकर्मा चौक, एसटीपी पटियाला रोड एवं एसडी महिला कॉलेज के पास वाली सड़क पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम ने सबसे पहले शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्र व चौक.चौराहों पर जमा पानी की स्थिति को देखा और वहां मौजूद नगर परिषद एवं जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल निकासी के लिए तत्काल प्रभाव से प्रभावी कदम उठाए जाएं।

जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बातचीत करते एसडीएम जगदीश चंद्र।

राजौंद। जाखौली कमान में पानी आवरफ्लो होकर गलियों व ग्राम सचिवालय में भरा।

तालाब ओवरफ्लो, घरों में घुसा पानी

राजौंद। गांव जाखौली कमान में असंध कैथल मार्ग के साथ बने तालाब का पानी आवरफ्लो होकर लोगों के घरों व गलियों में घुसा है। इतना ही नहीं गांव के ग्राम सचिवालय में भी पानी घुसा हुआ है। यहां पानी निकासी न होने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी छात्र-छात्राओं को हो रही है। विद्यार्थियों को सुबह स्कूल जाते समय इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। पिछले कई दिनों से यह पानी गलियों में भरा हुआ है। जिससे पैदल जाना मुश्किल बना हुआ है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि बरसाती मौसम के चलते यह पानी पिछले कई दिन से उनके घरों के आगे में गली में भरा हुआ है इससे अब बीमारी फैलने का भी भय बना हुआ है। पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है प्रशासन को इस और शीघ्र कदम उठाते पानी निकासी के प्रबंध करने चाहिए।

लगातार बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त

सीवन। पिछले कई दिनों से हो रही झमाझम बरसात ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। सोमवार को भी दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहे और रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। नगर के निचले इलाकों में पानी भर जाने से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। सड़कों पर पानी जमा होने से आवाजाही प्रभावित रही। जन स्वास्थ्य विभाग और गैस पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढों में बरसाती पानी भर जाने से सड़कें धंस गईं और जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए। इससे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर पालिका ने हजारों रुपए खर्च कर सौथा रोड स्थित तालाब को दो इंजन लगाकर खाली करवाया था और पानी सीवरेज के माध्यम से ड्रेन में डलवाया था। लेकिन मौजूदा बरसात में तालाब फिर से लबालब भर गया है और उसका पानी सड़क से होते खेतों में जा रहा है।

सीवन। सौथा रोड पर भरा तालाब।

उचाना। जलभराव का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम दलजीत सिंह।

बारिश के 24 घंटे के बाद भी जलभराव

उचाना। बारिश के बाद शहर में जलभराव वाली जगहों का निरीक्षण करने विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के निर्देश पर एसडीएम दलजीत सिंह ने विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया। विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। रेलवे रोड पर हरियाली बाजार के पास भरे बारिश के पानी का जायजा लेने पहुंचे एसडीएम को लोगों ने बताया कि यहां पर बारिश के बाद जलभराव की समस्या होती है। सड़क से गलियों का लेवल ऊंचा होने के चलते जलभराव रहता है। यहां पर सड़क निर्माण नए सिरे से होने के बाद ही इस समस्या का स्थाई समाधान हो सकता है। बारिश के 24 घंटे के बाद भी जलभराव है। एसडीएम ने जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ को निर्देश दिए कि जलभराव की निकासी का प्रबंध कर पानी की निकासी करवाए। ये रास्ता शहर एवं बस स्टैंड पर जाने वाला प्रमुख रास्ता है। जेई सत्यवान ने बताया कि पानी निकासी को लेकर सात बोरिंग हॉल का टेंडर होना है।

मनरेगा मजदूरों ने मांगों को लेकर किया रोष प्रदर्शन, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- 10 दिन तक मांगों को पूरा करें सरकार नहीं तो बड़ा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

मनरेगा मेट मजदूर संघ की अगुवाई में मनरेगा मजदूरों ने मांगों को लेकर सोमवार को प्रदर्शन किया। करसिंधु रोड पर स्थित सर्व जातीय दाडन खाप चबूतरा पर मजदूर एकत्रित हुए। यहां से ब्लॉक प्रधान नरेश छात्तर की अगुवाई में जुलूस के रूप में प्रदर्शन करते हुए बस स्टैंड के रास्ते से होते हुए उपमंडल कार्यालय पहुंचे। एसडीएम दलजीत सिंह के माध्यम से विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया। प्रमुख मांग मनरेगा में बंद हो चुके सफाई के कार्य को शुरू करने, मनरेगा के बजट को बढाए जानेए मेटो को मानदेय दिए जाने की मांगे प्रमुख थी। राज्य उप प्रधान सुरेश खापड़ ने कहा कि मनरेगा के कार्य सरकार ने पिछले एक महीने से बंद कर दिए है। काम नहीं मिलने से मजदूर घर पर बैठे है। 100 दिन का रोजगार मजदूरों को नहीं मिल रहा है।

उचाना। एसडीएम दलजीत सिंह को ज्ञापन देते मनरेगा मजदूर।

फिरोज़पुर में सीवरेज की समस्या से ग्रामीण बेहाल

- दूषित पानी से फैल रही बीमारियां, बच्चों की पढ़ाई पर असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

खंड सीवन के फिरोजपुर गांव में सीवरेज व्यवस्था की बदहाली ने ग्रामीणों की जिंदगी मुश्किल बना दी है। लंबे समय से गांव की गलियों में गंदा व बदबूदार पानी जमा है, जिससे लोगों का घरों में रहना भी दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार उठ रही बदबू के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। गांव के कई घरों की नीवों में यह गंदा पानी घुस चुका है, जिससे मकानों की दीवारों में दरारें तक पड़ गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार ग्राम पंचायत और प्रशासन के पास गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। गांव के राजेश कुमार, सरोज देवी, बलवान सिंह व अन्य ने कहा कि गंदे पानी से इतनी बदबू आती है कि घरों में बैठना मुश्किल हो गया है। कई लोग खांसी और बुखार से परेशान हैं। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। लोग कई बार पंचायत और प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन हर बार यही वादा किया जाता है कि बरसात खत्म होने के बाद समस्या हल होगी। मगर नतीजा वही शून्य रहता है।

सीवन। गांव फिरोजपुर में निकासी को लेकर नारेबाजी करते ग्रामीण।

जल्द होगा समाधान

इस संबंध में पंचायत अधिकारी ने बताया कि बरसात के बाद गलियों को ऊंचा करवाकर स्थाई रूप से पानी निकासी का समाधान किया जाएगा। वहीं, बीडीपीओ नेहा शर्मा ने भी माना कि फिरोजपुर गांव की यह समस्या पुरानी है। उन्होंने कहा कि गांव से पानी निकालने के लिए दो मोटरें लगाई गई हैं और दो जोहड़ बनाए गए हैं, लेकिन बरसात में पानी का दबाव बढ़ने से यह ओवरफ्लो हो जाते हैं। कुछ दिन पहले ही इनकी सफाई पोकलेन मशीन से करवाई गई है। बरसात का मौसम खत्म होते ही गलियों को भरत डालकर ऊंचा उठाया जाएगा, ताकि भविष्य में यह परेशानी न हो।

अस्पताल में कोई वारदात पर नहीं देख पाएंगे सीसीटीवी फुटेज

नागरिक अस्पताल की थर्ड आई सुरक्षा राम भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल नई बिल्डिंग की थर्ड आई सुरक्षा राम भरोसे पर आ गई है। नई बिल्डिंग में लगाए गए सीसी टीवी कैमरे बंद हैं। अब अगर अस्पताल में चोरी या फिर कोई अन्य वारदात होती है तो सीसी टीवी फुटेज को नहीं देखी जा सकती है। कैमरे पूरी तरह से बंद है। हालांकि कैमरों में कोई खराबी नहीं आई है बल्कि इन्हें शुरू करने के लिए बिलिंग की समस्या आड़े आ रही है। ऐसे में यदि कोई घटना होती है तो आरोपितों को पहचाना नहीं जा सकता है। पीएमओ कार्यालय की तरफ से पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग को लिखा पत्र नागरिक अस्पताल के पीएमओ कार्यालय की तरफ से पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग को पत्र लिख कर समस्या से अवगत करवाया गया है। सीसी टीवी कैमरे बंद हैं और इन्हें जल्द से जल्द शुरू किया जाए। नागरिक अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं। इन कैमरों पर नजर रखने के लिए डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला के कमरे में एलईडी स्क्रीनें लगाई गई हैं। जब भी कोई वारदात होती है तो इन कैमरों के माध्यम से सीसी टीवी फुटेज को देखा जाता है। इसके लिए स्पेशल कर्मियों की ड्यूटियां भी लगाई गई हैं।

जींद। नागरिक अस्पताल नई बिल्डिंग के मुख्य गेट लगाए गए कैमरे।

जल्द शुरू करवाए जाएंगे कैमरे : पीएमओ

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है। वो सीसी टीवी न चलने के बारे में जानकारी हासिल कर रहे हैं। अस्पताल में लगे सीसी टीवी कैमरों को भी शीघ्र शुरू करवाया जाएगा। इसके अलावा जो अन्य कार्य हैं, उन्हें भी तुरंत प्रभाव से सुचारू करवाया जाएगा।

संदिग्ध हालात में महिला ने फंदा लगाकर दी जान

- परिजनों ने मृतका को बताया मानसिक रूप से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राम कालोनी में सोमवार को महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतका को मानसिक रूप से परेशानी बताया है।

सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। राम कालोनी निवासी सुनील की पत्नी रितू (27) ने सोमवार का अपने मकान के कमरे मे फांसी का फंदा लगा लिया। परिजनो को घटना का उस समय पता चला जब वे मकान पर लौटे। रितू पखे पर चुन्नी का फंदा बना कर फांसी पर पखे से लटकी हुई थी। घटना की सूचना पाकर मृतका का मायका पक्ष तथा सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातो का जायजा लिया। मृतका के परिजनों ने पुलिस को बताया कि रितू कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। उसी परेशानी के चलते फांसी का फंदा लगा लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है।

विशेष
शिक्षक दिवस
5 सितंबर

हरिभूमि
सहेली
रोहतक, मंगलवार
2 सितंबर 2025

सबसे बड़ा शिक्षक है समय

समय अच्छा हो या बुरा, समयानुसार घर-परिवार का जीवन, प्रोफेशनल लाइफ के उतार-चढ़ाव, ये हमें ऐसे सबक सिखाते हैं कि शिक्षक भी क्या सिखाएंगे। हर समय-काल में हम जो भी करते हैं, देखते हैं, ये सब हमें व्यावहारिक जीवन का पाठ पढ़ाते हैं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं। जीवन में इसकी सार्थकता, उपयोगिता को हर किसी को जरूर समझना चाहिए।

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

घड़ी की टिक-टिक के साथ जिंदगी में हर पल, हर दिन, सामने आने वाले उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख और सफलता-असफलता से जुड़े कई बदलाव। यानी, साथ चलने वाला टाइम जो सिखाता है, वो कोई नहीं सिखा सकता। पीड़ा का दौर हो या सुख का समय, अनगिनत सबक अपने साथ लाता है। यह हमसे जुड़े हालातों की ही नहीं, खुद हमारी हिम्मत और सूझ-बूझ की हकीकत से रूबरू करवा देता है। वक्त वाकई एक शिक्षक की तरह ही है, जो जीवन से जुड़े कितने ही फ्रंट्स पर एक नया नजरिया देता है। सीख और समझ के नए पाठ पढ़ाता है। कभी सजगता तो कभी सकारात्मकता के सबक देता है। जिंदगी का ऐसा कोई पहलू नहीं, जिससे जुड़ी सीख शिक्षकों से नहीं मिलती। कुछ इसी तरह समय भी जीवन के हर पक्ष पर कोई ना कोई सबक देता ही है, जरूरत इस बात की होती है कि वक्त के हर पड़ाव पर मिलने वाले अच्छे-बुरे सबक हम याद रखें।

सीखना एक सतत प्रक्रिया

'जब तक जीना तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।' स्वामी विवेकानंद का यह कथन व्यावहारिक धरातल से जुड़ा सच है। सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है। समय की धारा में जीवन के पड़ाव बदलते रहते हैं। परिस्थितियों में उतार-चढाव आते रहते हैं, पर जिंदगी का हर लम्हा कुछ ना कुछ समझाकर जाता है, कभी दुःख में कोई सीख हमारे हिस्से आती है तो कभी सुख कोई पाठ पढ़ा जाता है। जीवन के कठिन दौर में इंसान धैर्य और ठहराव का सबक सीखता है। वहीं सहजता और खुशियों को जीते हुए सहृदय और विनम्र बनने की सीख मिलती है। समझने वाली बात यह है कि दोनों ही हर तरह की परिस्थितियों के, एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह जीवन में आती-जाती रहती हैं। कहते भी हैं कि समय एक जैसा कभी नहीं रहता, वक्त के साथ बहुत कुछ बदलता और नए रंग ढलता हुआ मानवीय जीवन का हिस्सा बना रहता है। जीवन की कक्षा में शिक्षक बन सबक सिखाने वाला समय कभी नहीं ठहरता, जिसके चलते जिंदगी में नए सबक पाने के मोर्चे पर भी कोई ठहराव आता है, यही बात जीवन को गतिशील बनाए रखती है।

वास्तविकता से परिचय

जिंदगी के हर फ्रंट पर वक्त इंसान को हकीकत से रूबरू करवाता है। अपने-पराए का भेद समझने की बात हो या खुद अपने अहंकार के बदले कुछ खो देने की स्थिति, समय गुरु बन हर परिस्थिति को स्पष्टता से समझा देता है। समय के साथ बनने-बिगड़ने वाले हालात ही इंसान को जीवन के हर सच से मिलवाते हैं, कहा भी जाता है कि वक्त किसी के लिए नहीं रुकता। इसीलिए समय से मिलने वाली शिक्षाएं, जीवन में प्राथमिकताएं तय करने का भाव भी लाती हैं। बीते पल लौटकर नहीं आते, यह समझ जिंदगी को खुलकर जीने की सोच को बल देती है। समय-समय पर हुई गलतियां इंसान में गैर-जरूरी चीजों के पीछे भागते रहने के बजाय, सुकून के साथ जीने का जज्बा पैदा करती हैं। इतना ही नहीं, हकीकत के धरातल पर वक्त ही रिश्तों के कच्चे-पक्के रंगों से भी मिलवाता हैं। हकीकत का सामना करवाने वाला समय का फेर हमें जीवन के ही नहीं, मन के मोर्चे पर भी बदल देता है। समय इंसानी समझ के पहलू को संवारता है। तालमेल की सीख देता है। जैसे शिक्षकों की भूमिका सोच को दिशा देने में अहम होती ही है, व्यावहारिक समझ को बेहतर बनाने में भी उनका अमूल्य योगदान होता है, वैसे ही समय का पाठ समय ही पढ़ाता है।

हर पीड़ा का मरहम

वक्त हर पीड़ा का मरहम होता है। समय ही यह सिखाता है कि जीवन का हर दौर गुजर जाता है, इसीलिए धैर्य और दृढ़ता का गुण हम टाइम टीचर से ही सीखते हैं। समय हमारे भीतर यह भरोसा जगाता है कि मन की टूटन हो, रिश्तों का अलगाव हो या काम-काजी जिंदगी के फ्रंट पर कोई उलझाव-बिखराव, एक दिन सब ठीक हो जाता है। बस खुद को थामे रहने की दरकार होती है। कोई नेगेटिव कदम उठाने से दूर, वक्त दुख-दर्द झेलते हुए धैर्य रखना सिखाता है। समय कभी बदलाव को स्वीकार आगे बढ़ना तो कभी हालातों का डटकर सामना करने का पाठ पढ़ाता है। कहते हैं कि समय के फेर के आगे इंसान कुछ नहीं कर सकता है। हां, इस फेर में 'टाइम टीचर' से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। सच तो यह है कि इंसान किसी पुस्तक में पढ़े पाठ को भूल सकता है पर समय के उतार-चढावों से मिले किसी भी सबक को भुला पाना मुश्किल होता है। लाजिमी भी है, क्योंकि समय ऐसे सबक कठिन परीक्षा लेकर देता है। अनमोल कहा जाने वाला समय, जीवन के बहुत से पहलुओं पर वाकई अमूल्य सीख दे जाता है।

ऑफिस में ऐसे बनेगी अच्छी इमेज

हर वर्किंग वूमेन वर्क प्लेस पर अपनी अच्छी इमेज बनाए रखना चाहती है। यह प्रोफेशनल प्रोग्रेस के लिए जरूरी भी है। अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखेंगी तो आपकी वर्क प्लेस इमेज बहुत बेहतर रहेगी, कुलीग्स ही नहीं, बॉस भी आपको एप्रिसिएट करेंगे।

वर्किंग वूमेन
प्रतिभा अग्निहोत्री

अकसर देखा जाता है, एक ही ऑफिस में कुछ महिलाएं अपने वर्क प्लेस पर बहुत अच्छी इमेज बना लेती हैं, वहीं बाकी महिलाएं अधिक काम करके भी ऐसा नहीं कर पातीं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कुछ महिलाएं सिर्फ काम करती हैं तो कुछ काम को स्मार्टली और बेहतर ढंग से अंजाम देती हैं। आप भी जरूर अपने वर्क प्लेस पर अपनी इमेज को अच्छा बनाना चाहेंगी, तो इन बातों को ध्यान में रखें-

पंक्चुअल रहें: अकसर महिलाओं को लगता है कि पांच-दस मिनट ऑफिस लेट आने से क्या फर्क पड़ता है या कौन सा बॉस देख रहा है? आपकी यह सोच आपकी प्रोफेशनल इमेज को खराब करती है। एक बार खराब इमेज बन जाने पर उसे सुधारना काफी मुश्किल होता है। टाइम से दस मिनट पहले ऑफिस पहुंचने का नियम बनाएं, इससे आपके सीनियर्स को लगता है कि आप अपने काम के प्रति काफी सीरियस हैं।

विनम्र-व्यवहार कुशल बनें

कोई भी गलती हो जाने पर उसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करके सुधारने का प्रयास आपकी प्रोफेशनल लाइफ को बेहतर बनाएगा। अपने सहकर्मियों के साथ भी अपने व्यवहार को लचीला और सुमधुर रखें। इससे ऑफिस में आपकी छवि अच्छी रहेगी।

कंफर्ट जोन से बाहर निकलें: अकसर वर्किंग वूमेन, किसी भी नए काम को करने या एक्सपेरिमेंट करने से बचती हैं, वे बने-बनाए ढर्रे पर चलना पसंद करती हैं। ऐसा करने के बजाय आप अपनी तरफ से इनोवेटिव प्रयास करें, अपने काम में अपनी क्रिएटिविटी को जोड़ें। इस तरह काम करने से ऑफिस में आपकी एक अलग छवि बनेगी, जो आपकी प्रोफेशनल लाइफ की इमेज को बेहतर बनाएगी।

वीकनेस पर वर्क करें: अनामिका का अपने प्रोजेक्ट पर आइडिएशन बहुत अच्छा था, लेकिन उसका एग्जीक्यूशन उतना ही कमजोर था, जिससे अकसर उसका आइडिया भी फ्लॉप हो जाया करता था। ऐसा आपके साथ ना हो इसके लिए यह समझना होगा कि कमियां हर इंसान के काम में हो सकती हैं, लेकिन जरूरी है कि अपनी उन कमियों को पहचानें, उन्हें दूर करें। वर्कप्लेस में अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें जल्दी से जल्दी दूर करने का प्रयास करें, इससे आपकी छवि बेहतर बनेगी।

समय सीमा का ध्यान रखें: हर काम की एक निश्चित समय सीमा होती है। बेहतर है कि आप अपने हर ऑफिसियल कार्य को समय सीमा में ही समाप्त करें, इससे आपका कार्य समय पर समाप्त होगा ही, साथ ही बॉस की नजरों में आपकी इमेज भी बहुत अच्छी रहेगी।

व्यवस्थित रहें: अपने काम पर हमेशा फोकस्ड रहें, साथ ही व्यवस्थित भी रहें। अपनी डेस्क, कबर्ड और फाइल्स को हमेशा व्यवस्थित रखें ताकि जरूरत पड़ने पर आप इन्हें जल्दी से निकाल सकें या फिर आपकी अनुपस्थिति में कोई दूसरा भी आवश्यकतानुसार इनका उपयोग कर सके।

मेडिकल एडवाइस
डॉ. धीरज कपूर
एचओडी-एंडोक्राइनोलॉजी
आर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम

थायरॉइड जानें लक्षण-कराएं उपचार

हाल के वर्षों में बहुत सी महिलाएं थायरॉइड की समस्या से ग्रसित हो रही हैं। क्या हैं इस रोग के कारण, इसके लक्षणों को कैसे पहचानें, इससे बचाव और उपचार के बारे में डिटेल में जानिए।

हमारे शरीर में थायरॉइड नामक एंडोक्राइन ग्लैंड, गले के निचले हिस्से में स्थित होता है। इस ग्लैंड से खास तरह के हार्मोन टी-3 और टी-4 का स्राव होता है, जो शरीर की अनेक कोशिकाओं को सही ढंग से काम करने में मदद करते हैं। मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को नियंत्रित करने में भी इन दोनों हार्मोंस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इनकी कमी या अधिकता से भूख, नींद, वजन, शारीरिक वृद्धि और मनोदशा प्रभावित होती है।

रोग के कारण : जब थायरॉइड ग्लैंड से निकलने वाले हार्मोन में असंतुलन हो जाता है तो व्यक्ति इससे संबंधित रोग से ग्रसित हो जाता है। इसके अलावा आनुवांशिकता, जन्मजात रूप से ग्लैंड की संरचना में कोई गड़बड़ी, एंटीबायोटिक्स या स्टेरॉयड दवाओं के साइड इफेक्ट से भी थायरॉइड ग्लैंड की कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है।

रोग के प्रकार: आमतौर पर इस समस्या के दो रूप देखने को मिलते हैं, पहले प्रकार की समस्या को हाइपोथायरॉइडिज्म कहा जाता है। इसमें थायरॉइड ग्लैंड धीमी गति से काम करता है। इसकी वजह से शरीर के लिए आवश्यक हार्मोन टी-3 और टी-4 बहुत सीमित मात्रा में यानी जरूरत से कम मात्रा में बनता है। इससे टीएसएच हॉर्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो ग्लैंड को अधिक मात्रा में हार्मोन बनाने के लिए उत्प्रेरित करता है। दूसरी अवस्था को हाइपरथायरॉइडिज्म कहते हैं। इसमें टी-3 और टी-4 हार्मोंस अधिक मात्रा में बनने लगता है, इससे टीएसएच यानी थायरॉइड स्टिम्युलेटिंग हार्मोन का निर्माण सीमित मात्रा में होने लगता है। रिसर्च से यह तथ्य सामने आया है कि अधिकतर लोगों में हाइपो थायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर घटने की समस्या देखने को मिलती है। हाइपरथायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर बढ़ने की समस्या एक प्रतिशत लोगों में ही देखने को मिलती है।

प्रमुख लक्षण : इस रोग में अलग-अलग लक्षण दिख सकते हैं। हाइपोथायरॉइडिज्म में जहां वजन बढ़ना, कब्ज, बाल झड़ना, त्वचा में रूखापन, पीरियड्स में अनियमितता, थकान और सुस्ती जैसे लक्षण नजर आते हैं, वहीं हाइपरथायरॉइडिज्म में वजन घटना, लूज मोशन, बेचैनी, पीरियड्स में ज्यादा ब्लीडिंग, चिड़चिड़ापन और अनिद्रा जैसे लक्षण नजर आते हैं।

रोग के साइड इफेक्ट्स : थायरॉइड की समस्या के कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंसीव करने से पहले महिलाओं को थायरॉइड की जांच अवश्य करवा लेनी चाहिए। अगर कोई समस्या हो तो दवाओं के नियमित सेवन से उसे दूर करने के बाद ही पारिवारिक जीवन की शुरुआत करनी चाहिए। अन्यथा इसकी वजह से मिसकैरेज और शिशु में जन्मजात मानसिक दुर्बलता जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

प्रस्तुति: विनीता

बचाव और उपचार

अगर थायरॉइड रोग से संबंधित कोई भी लक्षण नजर आए तो इसकी जांच अवश्य कराएं। अगर हाइपोथायरॉइडिज्म समस्या हो तो रोजाना सुबह खाली पेट दवाओं का सेवन जरूर करें। अगर हाइपरथायरॉइडिज्म हो, तो खाली पेट दवा लेना जरूरी नहीं है, आप किसी भी वक्त दवा ले सकती हैं। हर छह महीने के अंतराल पर नियमित जांच जरूरी है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में सोयाबीन, बंदगोभी और ब्रॉक्ली से परहेज करें। नियमित जांच और दवाओं का सेवन ही इसका एकमात्र उपचार है। गंभीर स्थिति में आयोडीन थेरेपी भी दी जाती है। यह जीवनशैली से जुड़ी समस्या है, स्वस्थ आदतें अपना कर और दवाओं के नियमित सेवन से इसे आसानी से मैनेज किया जा सकता है।



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

ड्राय बालों की ऐसे करें केयर

बहुत सी महिलाएं अपने रूखे और बेजान दिखने वाले बालों से परेशान रहती हैं। इनके उपचार के लिए सैलून जाती हैं या कॉस्मेटिक उत्पादों का सहारा लेती हैं, लेकिन इसके बावजूद अकसर समस्या का सही समाधान नहीं मिल पाता। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो कुछ बहुत ही आसान घरेलू तरीके से उपचार कर सकती हैं। कैसे, विस्तार से यहां बता रहे हैं आपको।

तेल और दही : आपकी रसोई में रखा सरसों का तेल और दही बालों के रूखेपन की समस्या को काफी हद तक दूर कर सकता है। इसके लिए कांच की कटोरी में दो चम्मच ताजा दही लें और उसमें एक चम्मच सरसों का तेल मिलाएं। दोनों को अच्छी तरह मिक्स करके एक चिकना पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को अपने सिर की त्वचा और बालों की लंबाई पर अच्छी तरह लगाएं ताकि यह बालों में समा जाए और आधे घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो डालें।

एलोवेरा जैल : ड्राय बालों को मॉयश्चराइज करने में एलोवेरा जैल मदद करता है। एलोवेरा जैल को सीधे बालों पर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें। एलोवेरा जैल को बालों पर सीधा लगाने के बजाय आप इसे दही के साथ मिक्स कर अपने बालों पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप ताजे एलोवेरा जैल को एक कंटेनर में निकाल लें। फिर इसमें दो बड़े चम्मच दही मिक्स कर दें। अब इस मिश्रण को फेंट लें। इसे अपने बालों में 30 मिनट के लिए लगाकर रखें और बाद में बालों को माइल्ड शैंपू से धो डालें। इससे ड्राय बाल मॉयश्चराइज्ड हो जाएंगे।

नीबू और दही : बालों की रूसी से छुटकारा पाने के लिए दही और नीबू को साथ मिलाकर लगाया जा सकता है। आधा कप दही में कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाएं और बालों पर लगाकर आधे घंटे रखने के बाद धो लें। इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है।

बाल बनेंगे मुलायम : बालों को नम और मुलायम बनाने में नारियल तेल काफी फायदेमंद साबित होता है क्योंकि नारियल का तेल एक नेचुरल मॉयश्चराइजर है, जो बालों में प्रवेश करके उन्हें मुलायम बनाता है और बालों की जड़ों तक नमी पहुंचाता है। अच्छे परिणाम के लिए सप्ताह में एक बार गुनगुने नारियल तेल से बालों की जड़ों से लेकर सिरे तक मालिश करें और इसे आधे घंटे के लिए छोड़ दें ताकि नारियल तेल बालों में अच्छी तरह रच जाए, फिर माइल्ड शैंपू कर लें।

बहुत जरूरी है सस्टेनेबल लाइफस्टाइल

पॉली बैग्स को कहिए 'ना'

ना होने दें पानी की बर्बादी

सोलर एनर्जी का करें यूज

अवेयरनेस
बुशरा फातमा

जिंदगी की भाग-दौड़ में हम अपनी सुविधाओं और लापरवाही के लिए प्रकृति पर लगातार बोझ डाल रहे हैं। आए दिन होने वाली प्राकृतिक आपदाएं हमें आगाह कर रही हैं कि अगर हमने समय रहते प्राकृतिक संसाधनों को नहीं सहेजा तो भविष्य में छोटी-छोटी चीजों के लिए हम तरसेंगे। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में कई तरह के बदलाव लाने की जरूरत है, जो सस्टेनेबल हों, जिससे हमारी जरूरत और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे।

जरूरतों को नियंत्रित करें: कई बार हम ऐसी चीजें भी खरीद लेते हैं, जिसकी जरूरत शायद ही कभी हमें पड़े। चूंकि वो चीज हमें पसंद आ गई तो हम उसे खरीद लेते हैं। सस्टेनेबिलिटी का पहला कदम ही यही है कि जब जरूरत हो तभी सामान खरीदें।

प्लास्टिक का मिनिमम यूज करें: अपने दैनिक इस्तेमाल में जितना हो सके प्लास्टिक की जगह कांच, स्टील आदि का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक न सिर्फ पर्यावरण के लिए नुकसानदेह होता है बल्कि इससे हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। किचेन में इस्तेमाल होने वाले सामानों के लिए प्लास्टिक का चुनाव बिल्कुल ना करें। बच्चों के लिए फैंसी प्लास्टिक बॉटल्स और टिफिन की जगह स्टील के टिफिन खरीदें। जब हम बाहर जाते हैं तो पानी की बोतल खरीद लेते हैं या चाय कॉफी के लिए प्लास्टिक के डिज्पोजेबल कप का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन अगर हमें अपनी धरती को बचाना है और अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना है तो पानी बोतल हमेशा घर से लेकर जाएं। कपड़े का बैग हमेशा साथ लेकर मार्केट के लिए निकलें ताकि प्लास्टिक बैग में सामान लेने की जरूरत न पड़े।

रोकें पानी की बर्बादी: यह बात हम सब जानते हैं कि साफ-मीठे पानी के प्राकृतिक स्रोत अब कम हो गए हैं, फिर भी हम पानी के अनावश्यक इस्तेमाल से खुद को रोक नहीं पाते। वर्षा जल का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए किचेन के वेस्ट वाटर को गार्डनिंग में इस्तेमाल कर सकते हैं। वॉश बेसिन में ब्रश करते समय, बाथरूम में नहाते समय पानी बर्बाद होने से रोकें।

ऊर्जा की बचत है जरूरी: घर में ऐसे लाइट्स लगवाएं, जिसमें ऊर्जा की कम खपत हो। संभव हो तो सोलर एनर्जी का यूज किया जा सकता है।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

खबर संक्षेप

जींद में छड़ियों का मेला पांच को

जींद। शास्त्री मार्केट में श्री जाहरवीर गोगा मेडी पर मेले का आयोजन पांच सितंबर को किया जाएगा। मेले में हर साल की तरह प्रबन्ध किया गया है। मेले का आयोजन सैंकड़ों वर्षों से हो रहा है। मेले में सभी धर्मों के लोग बढ़चढ़ कर भाग लेते है जो भाईचारे का प्रतीक है। मेले में जींद शहर सहित आस.पास के गांव व अन्य जिलों से भी श्रद्धालुगण भाग लेते हैं।

दीपक महर्षि जमदग्नि युवा क्लब के प्रधान बने

जींद। नेहरू युवा केंद्र खेल मंत्रालय एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा एनवाईवी प्रवीण कुमार के सहयोग से सरपंच दलबीर सिंगरोहा ग्राम पंचायत जामनी की अध्यक्षता में दीपक आर्य को सर्वसम्मति से महर्षि जमदग्नि युवा क्लब जामनी का प्रधान नियुक्त किया गया। अमन को उप प्रधान, रोहित को सह कोषाध्यक्ष, वीरेंद्र को कोषाध्यक्ष, विक्रम को खेल सचिव बनाया गया।

भूखंड खरीद से पहले करें पूरी जांच : डीटीपी

जींद। जिला नगर नियोजक मनीष दहिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र उचाना एवं जींद में कुछ अनधिकृत कालोनियों का विकास किया जा रहा है। इन कालोनियों का निर्माण बिना विभाग से आवश्यक लाइसेंस, सीएलयू एवं एनओसी प्राप्त किए किया जा रहा है। जो नियमानुसार पूर्णतः अवैध है। उन्होंने बताया कि इस कार्यालय द्वारा दोषियों के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

अर्पित गर्ग ने लगाई पदकों की झड़ी

जींद। आधारशिला विद्यालय के छात्र अर्पित गर्ग ने डीएवी जींद में आयोजित छठी हरियाणा स्टेट योगासन चैंपियनशिप 2025-26 प्रतियोगिता में तीन पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसमें आर्टिस्टिक, बैक बैंडिग व रिदमिक पेपर में क्रमशः स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त किया। इनके आधार पर खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हो गया है।

लाखों रुपये के दो ट्रांसफार्मर चोरी

कैथल। गांव फतेहपुर से चोर लाखों रुपए के दो ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। बिजली निगम पूंडरी के उपमंडल अभियंता रवींद्र ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 अगस्त को चोर गांव फतेहपुर में रखे दो ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत 115000 बताई गई है। हेड कांस्टेबल ललित कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण किया

उचाना। नागरिक अस्पताल में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. सुशील गर्ग ने स्वयं मरीजों को गोद लेकर पोषण किट वितरित की। डा. गर्ग ने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है। यह मायक्रोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस कीटाणु से फैलता है। यह किसी भी उम्र में हो सकता है। यह कीटाणु मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है।

शिकायतों का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि समाधान शिविरों में आने वाली नागरिकों की शिकायतों का तत्पर और समयबद्ध निपटान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं।

स्वच्छ पेयजल के लिए जांचे सैंपल

जींद। जिला में मलेरिया डेंगू व डायरिया से बचाव के अभियान को सोमवार को जारी रखते हुए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वछता सहायक संगठन की संयुक्त टीम ने गांव किनाना व डूमरखां सहित आधा दर्जन गांवों में अभियान चलाया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर जताया आभार

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी डा. चावला शिरोमणी आवार्ड से सम्मानित

इंडस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम प्रदेशभर की वरिष्ठ नागरिकों की इकाइयों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वरिष्ठ नागरिक महागठबधन की त्रिमासिक मासिक राज्यस्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन पर वरिष्ठ नागरिक इकायों ने मुख्यअतिथि विस के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिढा तथा विशिष्ट अतिथि इंडस शिक्षण सस्थानो के निदेशक सुभाष श्योराण का आभार जताया है। इंडस पब्लिक स्कूल मे आयोजित कार्यक्रम प्रदेशभर की वरिष्ठ नागरिकों की इकाईयों के लगभग 250 पदाधिकारियो ने भाग लिया। कुरूक्षेत्र विश्वविद्याल के पूर्व वीसी एव वरिष्ठ नागरिक इकाई के पूर्व प्रधान डा. अविनाश चावला ने कार्यक्रम मे आए वरिष्ठ नागरिको का स्वागत किया। मंच संचालन महासंगठन के प्रधान रमानन्द मोंगिया तथा सचिव राम प्रकाश मल्होत्रा ने किया। कार्यक्रम मे वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अनुभव साझे करने के साथ समाज सुधार मे भूमिका तथा समस्यों पर भी मंथन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ रहने, आवश्यक बचाव के बारे में विस्तार से चर्चा गई। सेवानिवृत आईएएस त्रिलोक शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए हर अस्पताल में एक विशेष विभाग बनाने की मांग की। वरिष्ठ नागरिकों ने सुविधाओं को लेकर मांग पत्र डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिढा को सौंपा गया। पूर्व वीसी डॉ. अविनाश चावला वरिष्ठ जनों की सेवाओ के लिए शिरोमणी अवार्ड से नवाजा गया। डा. केवल कृष्ण पाठक को 90 वर्ष से अधिक आयु होने पर सम्मानित किया गया। इंडस शिक्षण सस्थानों के निदेशक सुभाष श्योराण ने वरिष्ठ नागरिकों के सस्थान मे कार्याक्रम को आयोजन करने पर उसे बुजर्गो का आशीवार्द बताया। डा चावला ने डिप्टी स्पीकर डा कृष्ण मिढा द्वारा वरिष्ठ नागरिक महासंगठन हरियाणा को पांच लाख रूपये और जींद इकाई को दो लाख रूपये अनुदान देने पर आभार जताया गया।

जींद। डा. एके चावला व इंडस निदेशक सुभाष श्योराण को सम्मानित करते।

250 पदाधिकारियों ने भाग लिया

इंडस पब्लिक स्कूल मे आयोजित कार्यक्रम प्रदेशभर की वरिष्ठ नागरिकों की इकाईयों के लगभग 250 पदाधिकारियो ने भाग लिया। कुरूक्षेत्र विश्वविद्याल के पूर्व वीसी एव वरिष्ठ नागरिक इकाई के पूर्व प्रधान डा. अविनाश चावला ने कार्यक्रम मे आए वरिष्ठ नागरिको का स्वागत किया।

प्राकृतिक आपदा से बचाव की जानकारी दी

- इंडस पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। इंडस पब्लिक स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में उपस्थित छात्राएं।

इंडस पब्लिक स्कूल, कैथल में /"कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम – डिज़ास्टर मैनेजमेंट" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन प्रवीण कुमार पटपटिया अंबाला से एवं दीपकौर ढिल्लन खन्नोरी से ने आपदा प्रबंधन के विविध पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं से बचाव के उपाय, आवश्यक तकनीकी सहयोग और टीमवर्क के महत्त्व से अवगत कराया। उदाहरणों एवं गतिविधियों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि आपदा की स्थिति में धैर्य, त्वरित निर्णय एवं समन्वय ही जीवन रक्षा के मूल मंत्र हैं। पूरे कार्यक्रम में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी व ज्ञानवर्धक अनुभव बताया। प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने कार्यशाला की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते कहा कि "ऐसी कार्यशालाएँ केवल आपदा प्रबंधन की व्यवहारिक जानकारी ही नहीं देतीं बल्कि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में आत्मविश्वास, संवेदनशीलता और जागरूकता का विकास भी करती हैं।

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक बने डीएचईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय जींद प्राचार्य सत्यवान मलिक को उच्चतर शिक्षा निदेशालय पंचकूला द्वारा जींद का जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी (डीएचईओ) नियुक्त किया गया है। मलिक का कालेज से गहरा और आत्मीय जुड़ाव रहा है। वे यहां के छात्र रहे और आगे चल कर प्राध्यापक, रजिस्ट्रार तथा उप प्राचार्य जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी निभाने के बाद साल 2023 में प्राचार्य बने। गांव निडानी निवासी सत्यवान मलिक छात्र जीवन से ही उच्च शिक्षा को अपना लक्ष्य मानते रहे हैं। वे कुविवि से गोल्ड मेडलिस्ट भी रहे हैं। जिसने उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता को नई पहचान दी। उनकी कर्मठता, कार्य के प्रति जुनून और उत्कृष्ट मैनेजेरियल क्षमता ने उन्हें शिक्षा जगत में विशिष्ट स्थान दिलाया है। कालेज को बेहतर बनाने के लिए जमीनी स्तर पर बदलाव से लेकर लगातार आयोजित होने वाले शैक्षणिक सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों के सफल संचालन तक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नियुक्ति पर महाविद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में जिले की उच्च शिक्षा को नई दिशा और गति मिलेगी।

विधायक ने जनता दरबार लगाकर सुनी समस्याएं

जींद। सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने सोमवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे। विधायक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। इस दौरान एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, तहसीलदार राजेश गर्ग व मंडल अध्यक्ष गीता देवी के अलावा संबंधित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिएए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वन अर्थ वन फैमिली की अनोखी पहल

जींद। बच्चों में संस्कार, अनुशासन और समाज व परिवार के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था वन अर्थ वन फैमिली ने एक अनोखी मुहिम की शुरुआत की है। संस्था का मकसद है कि बच्चे अच्छी आदतें अपनाएं जैसे रोज सुबह जल्दी उठना, अपने बिस्तर स्वयं तह करना, अपने बर्तन स्वयं धोना, रात को सोने से पहले ब्रश करना, फास्ट फूड कम करना और स्वयं आत्म नियंत्रण रखना। किसी के घर जाने पर बाहर चप्पल उतारना, घर को मंदिर मानना। घर का बचा कपड़ा जरूरतमंदों तक पहुंचाना। झूठ न बोलना भोजन व्यर्थ न छोडना, महापुरुषों की किताबें पढना तथा घर.परिवार के कार्यों में सहयोग करना। संस्था ने घोषणा की है कि जो भी बच्चे इन आदतों को अपनाएंगे उन्हें बेस्ट किड्स अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उन्हें एक सत्कार कार्ड भी प्रदान किया जाएगा। इस कार्ड के जरिये बच्चों को शहर की चुनिंदा दुकानों पर खरीदारी करने पर 5 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। यह कार्ड एक वर्ष तक वैध रहेगा। स



जींद। पहचान पत्र और प्रमाण पत्र दिखाते बच्चे।

पंजाब में आई बाढ़ से पीड़ितों के लिए राहत सामग्री एकत्रित करते करसिंधु में ग्रामीण।

बाढ़ पीड़ितों के लिए एकत्रित की खाद्य सामग्री

उचाना। पंजाब में बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। इस संकट की घड़ी में ग्रामीण भाईचारे और इंसानियत की मिशल पेश कर रहे है। करसिंधु गांव में युवाओं, ग्रामीणों, महिलाओं ने टीम बना कर मोहल्लों में जाकर खाद्य सामग्री एकत्रित करने को लेकर अभियान चलाया। आटा, गेहूं, चीनी, तेल, कपड़ा, रसोई की सामग्री एकत्रित की। युवा विनोद, सुभाष, अंकित, सुरेंद्र, मीनू, रामनिवास, संदीप, धोला, मेवा, भीरा ने कहा कि मुसीबत का पता नहीं होता कब कहा आ जाए। रविवार को पूरे गांव में पंजाब में आई बाढ़ से पीड़ित लोगों के लिए सामग्री एकत्रित किए जाने को लेकर मुनादी चौकीदार से करवाई थी। सोमवार को अलग-अलग मोहल्लों में जाकर खाद्य सामग्रीए कपड़ा सहित अन्य सामान एकत्रित किया। हर ग्रामीण कुछ न कुछ मदद अपनी तरफ से कर रहा है। कोई सरसों का तेल दे रहा है तो कोई गेहूं, आटा, चीनी, कपड़े, हलदी सहित अन्य सामान दे रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पंजाब के कई जिले बाढ़ से पीड़ित है।

संगठन को आगे बढ़ाने का किया आह्वान

पूंडरी। हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी रजि. नं. 292 के अंतर्गत यूनिट पूंडरी की त्रैवार्षिक चुनाव प्रक्रिया पूरी कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। यह चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए, जिसमें चुनाव अधिकारी इकबाल चंदाना चेयरमैन और राजबीर जे.ई. की देखरेख में कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में प्रधान पद के लिए जितेंद्र बाकल को सर्वसम्मति से चुना गया, जबकि वरिष्ठ उपप्रधान पद पर कुलदीप बनवाला, उपप्रधान पद पर विनोद एल.एम. और सचिव पद पर राममहेर जे.ई. को चुना गया। सह-सचिव पद पर रजनीश टी.एल. और सह सचिव नंबर-2 के रूप में राहुल ढांड को जिम्मेदारी सौंपी गई। कोषाध्यक्ष पद पर गुरदेव (राजौंद) को चुना गया, जबकि संगठनकर्ता के रूप में दर्शन, रणबीर और हरिकिशन को शामिल किया गया। सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और उन्हें ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।

पूंडरी। निर्विरोध रूप से चुने पदाधिकारियों।

राजकीय स्कूल बेलरखा में खेलों में भाग लेने वाले बच्चों के साथ प्रिंसिपल बलजीत गोयत।

बेलरखां में मनाया खेल दिवस

नरवाना। हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बेलरखा में राष्ट्रीय खेल दिवस 29 से 31 अगस्त तक बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। तीन दिवसीय आयोजन में विद्यार्थियों ने खेलों की महत्ता को समझते सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यालय प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के प्रेरणादायक जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में हुआ था और उनके अद्वितीय योगदान की स्मृति में इस दिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद की जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर अभ्यास और अनुशासन से सफलता पाई जा सकती है। शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक विजेंद्र सिंह ने खेल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल गतिविधियां, स्पोर्ट्स क्विज और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई।

राजौंद। खेड़ी सिंबल वाली में सफाई अभियान में लगे सरपंच व अन्य ग्रामीण।

सफाई अभियान चलाया

राजौंद। राजौंद खंड के गांव खेड़ी सिंबल वाली में सफाई अभियान चलाया गया। जिसे ग्राम पंचायत व गांव के अनेकों युवा पूरी निष्ठा के साथ सफल बनाने में लगे हुए है। गांव के चारों और बने पानी निकासी के सभी नाले अवरुद्ध पड़े थे। जिनकी वजह से गांव में जगह जगह पानी खड़ा हुआ आम जन के लिए परेशानी का सबब बना हुआ था। वही आने जाने की व्यवस्था भी बाधित हो रही थी। गांव के सरपंच रामेश्वर ने बताया की युवाओं के सहयोग से यह सफाई अभियान चलाया जा रहा है और पुरे गांव में पानी निकासी के लिए बने नालों की सफाई की जा रही है ताकि गांव को गंदगी से मुक्त रखा जा सके। उन्होंने बताया की जब तक सभी नालों की सफाई नहीं हो जाती यह स्वछता अभियान बंद नहीं किया जाएगा। सरपंच ने बताया की गांव के अधिकतर नाले गंदगी जमा होने की वजह से बंद पड़े हुए थे और पानी की निकासी नहीं हो पा रही थी कई स्थानों पर पानी सड़क व गलियों मे भरा हुआ था। इस अभियान के माध्यम से पुरे गांव मे सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने तीन गोशाला समितियों को वितरित किए 75 लाख रुपये के चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

दनौदा गांव में गोशाला समिति कैबिनेट मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करती हुई।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि भारत में गाय को माता का दर्जा प्राप्त है। गाय हर भारतीय के लिए पूजनीय एवं स्वाभिमान का प्रतीक है। लिहाजा सनातन संस्कृति को मानने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर में गाय पालन और उसकी उम्र भर सेवा करनी चाहिए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी दनौदा स्थित दादा रामसर गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर गोशाला कमेटी को 50 लाख 10 हजार 750 रुपये का चैक भेंट किया। कैबिनेट मंत्री ने इसके बाद नरवाना स्थित राजेश शर्मा एडवोकेट के निवास पर श्रीकृष्णा गोशाला कमेटी को 19 लाख छह हजार 100 रुपये तथा मॉडल टाऊन में प्रधान ईश्वर गोयल के निवास पर श्री राधेश्याम गोशाला नरवाना को पांच लाख 94 हजार रुपये के चैक दिए। इस प्रकार कैबिनेट मंत्री ने उक्त तीनों गौशाला में कुल 75 लाख 10 हजार 850 रुपये के अलग-अलग तीन चैक वितरित किए। दादा रामसर गौशाला समिति के अध्यक्ष रघुवीर नैन, मास्टर मिया सिंह आदि मौजूद रहे।

सीवन। आयोजित भजन संध्या में भजन गाते गायक व नाचते श्रद्धालु ।

भगवान गणेश की महिमा का गुणगान

सीवन। नगर के शांति मोहल्ला में चल रहे श्री गणेश उत्सव में रविवार रात को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध भजन गायक विक्की फिरोजपुरिया की टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. कमला मदन ने विधिवत रूप से ज्योति प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर समिति के सदस्य सुरेश मदान ने बताया कि जिस प्रकार हर वर्ष गणेश उत्सव में भक्तों का उत्साह बढ़ता है, उसी प्रकार इस वर्ष भी श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल होकर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। भजन संध्या की शुरुआत श्री गणेश वंदना से की गई। इसके बाद विक्की फिरोजपुरिया के भजन – /"नागा बाबा ने लगा दी सीवन वालों की मौज/" और अमन व शालू का भजन /"गेट खोल के आजा मेरी माता शेरावाली/" पर श्रद्धालु भक्तिभाव में झूम उठे। पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया। कार्यक्रम के दौरान श्री राधा-कृष्ण और सुदामा की झांकी भी निकाली गई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संध्या के समापन पर आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया।

राजकीय आईटीआई में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया

खेल जीवन के अभिन्न अंग : सतीश मच्छाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय आईटीआई कैथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी शमशेर सिंह मलिक के नेतृत्व में एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एनएसएस यूनिट के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल रहे। उन्होंने युवाओं से कहा कि हमें प्रतिदिन सैर करनी चाहिए और अच्छे खान-पान का ध्यान रखना चाहिए। इसके अलावा खेलकूद की गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य से बड़ा जीवन में कोई धन नहीं है। कहा भी गया है की ''जान है तो जहान है/" कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यालय अधीक्षक सोहनलाल ने युवाओं से समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। आज के कार्यक्रम में खो-खो, रस्साकस्सी,100 मीटर दौड़, चैस आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई राष्ट्रीय सेवा योजना की मैनेजिंग कमेटी के सदस्य इंदु बाला, रणधीर ढांडा ने भी युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया। रणधीर ढांडा ने बताया कि आज के कार्यक्रम में खो-खो में प्रथम विद्युतकार व्यवसाय टीम, द्वितीय डीएमसी व्यवसाय, तथा 100 मीटर दौड में प्रथम शुभम, द्वितीय मोहित, तृतीय विकास रहे चैस प्रतियोगिता में गुरचरण प्रथम, कपिल द्वितीय और लड़कियों की प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम, माफी द्वितीय, यशिका तृतीया स्थान पर रहे।

कैथल। रस्सकसी में दमखम दिखाते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

कैथल। खेलो में अव्वल रहे विद्यार्थी अधिकारियों के साथ। फोटो :हरिभूमि

वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह

जींद। पटियाला चौक स्थित गुरुद्वारा टिकाना बाबा बंदा सिंह बहादुर में साध संगत व प्रबंधक कमेटी के सहयोग से 31 लोगों को अमृत छकाया गया। लुधियाना से आए हुए ग्रंथी साहिबानों ने इस अवसर पर विशेष रूप से संगतों को प्रेरित किया व बड़े श्रद्धापूर्वक अमृत चखने की सेवा पूरी की। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान अशोक सचदेवा, कैशियर अमरजीत मक्कड़, महासचिव राजेश मक्कड़, गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी भाई गुरजीत सिंह उपस्थित रहे। गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी भाई गुरजीत सिंह ने कहा कि केशगढ़ साहेब आनंदपुर से ही सिखों के महान गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने अमृत पान किया था। जिसमें कड़ा, कंघा, कछा, केश व कृपाण धारण कराया जाता है और उसे सिख धर्म में शामिल किया जाता है। कार्यक्रम में मौजूद रहे कड़ा, कंघा, कछा, केश व कृपाण को धारण करने से व्यक्ति को सिख धर्म की मान्यता दी जाती है और उसके अनुसार ही जीवन यापन कराना होता है।

पदक विजेता यशमीन का किया स्वागत

राजौंद। गांव किठाना के अमर पब्लिक स्कूल की छात्रा यशमीन ने मारी बाजी स्कूल पहुंचने पर छात्रा को किया गया सम्मानित। इस बारे जानकारी देते हुए स्कूल की प्रबंधक सरोज व प्रधानाचार्या प्रियंका ने बताया की छट्टी कक्षा की छात्रा यश मीन ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हर्डल दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि यशमीन को सम्मानित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, मेहनत व आत्मविश्वास लाते है। खेलों में सक्रिय भागीदारी से न केवल स्वास्थ्य बेहतर रहता है बल्कि व्यक्तित्व में भी निखार आता है। उन्होंने यशमीन के उदाहरण से सबको प्रेरित करते हुए कहा कि हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए और जीत हार को अनुभव के रूप में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ाई के साथ-सा द खेलों में भी विद्यार्थियों को पूरा समय दिया जाता है ताकि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करके अपने स्कूल गांव माता-पिता का नाम रोशन कर सके। इस दौरान उन्होंने स्कूल के पीटीआई मनदीप को शुभकामनाएं दी।

खबर संक्षेप

कृतिका ने चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

उचाना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भौंगरा में संचालित की जा रही वुशु खेल नर्सरी के 12 खिलाड़ी रेवाड़ी में आयोजित खेलो इंडिया वूमेन वूशु लीग चैंपियनशिप 2025 में हिस्सा लेने पहुंचे। कृतिका पुत्री राजवीर चहल ने 36 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त करके क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कनिष्क ने सिल्वर मेडलए मन्नत ने ब्रांच मेडल एवंइसी नर्सरी के लक्ष्य द्वारा गोल्ड मेडल जीत कर अपने गांव भौंगरा गांव का नाम रोशन किया। सभी विजेता खिलाडियों को सम्मानित करने के लिए समारोह का आयोजन हुआ।

अभद्र टिप्पणी से देश का अपमान : कृष्ण पिलनी

पूंडरी। भाजपा नेता कृष्ण शर्मा पिलनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माताजी के खिलाफ कांग्रेस नेताओं द्वारा की गई घटिया और शर्मनाक टिप्पणी पूरे देश की 140 करोड़ जनता के आत्मसम्मान पर हमला है। यह केवल एक व्यक्ति का अपमान नहीं, बल्कि भारत माता का अपमान है, जिसे देशवासी किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने विजन, ईमानदारी और मजबूत नेतृत्व से भारत को विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। कांग्रेस इस उपलब्धि को पचा नहीं पा रही और हताशा में इस तरह की नीच राजनीति पर उतर आई है।

केएम राजकीय कॉलेज में प्रतियोगिता हुई

नरवाना। केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में भौतिक विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डा. राजीव चहल के मार्गदर्शन में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में बीएससी फिजिकल साइंस, बीएससी लाइफ साइंस व बीएससी फिजिक्स ऑनर्स के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों के पोस्टर ने विज्ञान एवं तकनीकी संबंधित संदेश दिया कि कैसे विज्ञान अपने दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

लायंस क्लब ने वाटर कूलर लगवाया

नरवाना। लायंस क्लब नरवाना द्वारा नरवाना शहर के समाजसेवियों के सहयोग से जल सेवा की भावना से एक और वाटर कूलर की स्थापना इंडस्ट्रियल एरियाए में की गई। क्लब के चेयरमैन पुनीत जैन ने बताया कि इससे पहले भी शहर में चार वाटर कूलर विभिन्न स्थानों परए नेहरू पार्क, हुड्डा मार्केट, अग्रसेन चौक, अपोलो चौक पर शहर के विभिन्न समाज सेवियों के सहयोग से लायंस क्लब नरवाना द्वारा लगाए जा चुके हैं।

एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

नरवाना। एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। एसडीएम ने बताया कि सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं।

राहुल गांधी और तेजस्वी यादव से सार्वजनिक माफी की मांग

भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ की नारेबाजी, पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कैथल। भाजपा नेता व कार्यकर्ता राहुल गांधी का पुतला दहन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी की अध्यक्षता में वरिष्ठ भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला सचिवालय कैथल के बाहर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दिवंगत माता के विरुद्ध बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान की गई कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने हरियाणा के सभी 27 संगठनात्मक जिलों में विरोध-प्रदर्शन आयोजित किए और राहुल गांधी तथा आरजेडी नेता तेजस्वी यादव से सार्वजनिक माफी की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि "राजनीति में विचारधारा और नीतियों को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन किसी भी महिला के सम्मान पर चोट अस्वीकार्य है। प्रधानमंत्री मोदी का नाम लेकर उनकी दिवंगत मां के खिलाफ अपशब्द कहना न केवल राजनीतिक गिरावट है, बल्कि भारतीय संस्कृति और मर्यादा का भी अपमान है।" वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि "कांग्रेस नेताओं की यह बयानबाजी महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुँचाने वाली है। यह राजनीति के गिरते स्तर का प्रमाण है और जनता इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।" इस अवसर पर ज्योति सैनी जिलाध्यक्ष, अशोक गुर्जर वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, पूंडरी विधायक सतपाल जाम्बा, पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, जसवंत पठानिया वाइस चेयरमैन डी.न.टी. बोर्ड हरियाणा, कर्मबीर कॉल चेयरमैन जिला परिषद कैथल, सुरभि गर्ग चैरपेर्सन नगर परिषद कैथल, पूर्व विधयाक कुलवंत बाज़ीगर, अरुण सराफ गर्ग, राजपाल तंवर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व मुनीश शर्मा फरल जिला महामंत्री, हिमांशु गोयल जिला मीडिया प्रभारी, अनिता चौधरी जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, मांगे राम जिंदल, कुलविंदर राणा, शैली मुन्जाल, राममेहर शर्मा कुराड़, शक्ति सौदा, जंगीर सिसला (जिला उपाध्यक्ष), रघुबीर फौजी, अजय प्रताप राणा, आशा रानी, हर्ष सेठी, अवधेश किशोर राय (जिला सचिव), भीमसैन अग्रवाल जिला सोशल मीडिया प्रभारी, अशोक मित्तल (कोषाध्यक्ष), हरिचंद जांगड़ा (कार्यालय सचिव), रविन्द्र धीमान (जिला आई.टी. प्रमुख), राजेश बिधान एडवोकेट (जिला मन की बात प्रमुख) और वीरेन्द्र बत्तरा (जिला प्रवक्ता) व अक्षरा गुप्ता, निधि मोहन, कमलजीत कौर उपस्थित रहे।

देश की हर मां का अपमान : विधायक जाम्बा

विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि "प्रधानमंत्री मोदी की माता पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना सिर्फ मोदी जी का नहीं बल्कि देश की हर मां का अपमान है। कांग्रेस को इसके लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए।" पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि "राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की मानसिकता महिलाओं के प्रति असम्मानजनक है। भाजपा महिला मोर्चा इसका कड़ा विरोध करती है और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक वे सार्वजनिक रूप से क्षमा नहीं मांगते।"

ये बोले

कैथल नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि "राहुल गांधी की यह टिप्पणी न केवल भाजपा कार्यकर्ताओं का अपमान है बल्कि पूरे देश की संस्कृति के खिलाफ है। यह मानसिकता बताती है कि कांग्रेस महिलाओं को केवल वोट बैंक समझती है, सम्मान नहीं देती।" भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि "महिलाओं के सम्मान पर किसी भी प्रकार का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस को जनता के सामने इस शर्मनाक टिप्पणी के लिए जवाब देना ही होगा।" भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी ने कहा कि "यह भारत की नारी शक्ति के सम्मान पर सीधा आघात है। राजनीति में विरोध होना चाहिए, लेकिन निजी जीवन पर प्रहार कांग्रेस की घटिया सोच को दर्शाता है।"

जींद। उझाना में बरसाती पानी की निकासी के लिए चलाए जा रहे पंप सेट का निरीक्षण करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी। *फोटो : हरिभूमि*

अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

कैबिनेट मंत्री बेदी ने पंप सेटों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हाल ही में प्रदेश भर में हो रही भारी बरसात रूपी प्राकृतिक आपदा के दौरान राज्य सरकार पूर्ण रूप से किसानों के साथ खड़ी है। इस बरसात से प्रदेश के इलाकों में अनेक जगह फसलों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जिसमें नरवाना विधानसभा क्षेत्र के भी कई गांव प्रभावित है। इस प्रतिकूल स्थिति में किसान को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। बरसाती पानी से होने वाले उनकी फसल या पशुधन इत्यादि सभी प्रकार के नुकसान की पाई-पाई की भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने किसानों को यह आश्वासन सोमवार को उझाना गांव में सिंचाई विभाग द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए लगाए गए पंप सैट का निरीक्षण करने के उपरांत दी। उन्होंने धमतान डिस्ट्रीब्यूटरी पर संचालित इस पम्पसेट का अधिकारियों की टीम के साथ मौका मुआयना किया और जल निकासी के कार्य का जायजा लिया।

पानी निकासी की जाए

मंत्री ने मौजूद विभागीय अधिकारियों को पानी निकासी के इस कार्य को सुचारू रूप से एवं युद्धस्तर पर निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इन पम्पसेटों से प्रति सैकेंड 70 क्यूसेक पानी निकासी हो रही है। इनमें 20.20 क्यूसेक पानी निकासी क्षमता के दो पम्पसेट तथा 10-10 क्यूसेक पानी निकासी क्षमता के तीन सेट सुचारू रूप से संचालित है। इनसे उझानाए नेपेवाला, कोयल, कुराड़, दुब्बल सहित पांच गांवों के खेतों से बरसाती पानी की निकासी की जा रही है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मौके पर मौजूद उझाना सहित आसपास के गांवों से आए हुए किसानों से भी बात की और बरसात की वजह से हो रहे फसल नुकसान के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार व प्रशासन किसानों के साथ है और फसली व पशुधन नुकसान का मुआवजा दिया जाएगा।

जिला स्तरीय स्कूल खेल स्पर्धा में चमके ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

पूंडरी। विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

23 से 29 अगस्त तक हुई जिला स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिसमें अनव ने कराटे प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान हासिल किया, वॉलीबॉल की टीम जिला स्तर पर प्रथम रही और आयुष ने राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टीम में अपना स्थान हासिल किया। टेबल टेनिस में अपने प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जतिन ने राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया, क्रिकेट प्रतियोगिता में तमन्ना ने अपना जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए टीम में क्वालीफाई किया, बैडमिंटन मे 14 वर्षीय टीम में बेहतर प्रदर्शन करते हुए वृष्टि और निमरत ने जिला स्तर की टीम में अपना स्थान हासिल किया और राज्य स्तर के लिए सभी खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया। जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए दमखम दिखाया।

फेंसिंग में बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

- विजेता बच्चों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जींद। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

हिसार के सिसाई गांव में आयोजित 20वीं सब जूनियर एवं कैडेट फेंसिंग चैंपियनशिप में डीएवी स्कूल जींद के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। सब जूनियर कैटेगरी में अभय सैनी ने ईपी इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अरमान सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एंजेलिना, प्रिशा, तृषा ने टीम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्पिता ने साइबर इवेंट में प्रथम स्थान, गौरिका ने द्वितीय स्थान व कनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फॉयल में लक्षिता गिल ने प्रथम, प्राची ने तृतीय एसाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साइबर इवेंट में जितेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 कैटेगरी में खुशी ने गोल्ड, सक्षम ने सिल्वर यज्ञदत्त ने सिल्वर, प्राची ने गोल्ड, प्राची ने सिल्वर, अर्पिता ने सिल्वर, कार्तिक व लोकेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके प्रदर्शन से खुश होकर प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने बच्चों को मेडल पहना कर सम्मानित किया व 10 खिलाडियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में आने पर उन्हें बधाई दी।

प्रेरित किया

प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने सबका मनोबल बढ़ाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया व आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

विभाग को शाहपुर में मिला डेंगू का मरीज

- जिले में डेंगू के मामलों की संख्या हुई 11, बचाव के लिए लगातार किया जा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

लगातार हो रही बारिश से अब डेंगू के मामले भी बढऩे लगे हैं। जिले में अब तक इनकी संख्या 11 हो चुकी है। बीते सप्ताह शहर की चाबरी कालोनी में चाबरी कालोनी में डेंगू का एक केस मिला था तो सोमवार को शाहपुर गांव में 38 वर्षीय युवक डेंगू संक्रमित रोपोर्ट मिली है। स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया का भी एक मामला इस वर्ष मिला है। सोमवार को शाहपुर गांव में डेंगू का मामला सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पीड़ित के मकान के आसपास फोगिंग करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा परिजनों व अन्य बुखार पीड़ितों के सैंपल भी लिए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग इन बीमारियों से बचाने के लिए शहर व ग्रामीण स्तर पर बचाव की जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसके बावजूद बुखार से पीड़ित लोगों की जांच के लिए रक्त के नमूने लिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जहां दूषित पानी से होने वाली डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए पानी साफ करने वाली क्लोरीन की गोलियां तथा ओआरएस व जिंक की गोलियां भी वितरित की और पीने के पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए। जहां पर डेंगू का मरीज मिल रहा है। उस परिवार व आसपास के मकानों में बीमार लोगों के भी सैंपल ले रहे हैं।

अभियान चलाया जा रहा

स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा कालोनी में जहां.जहां सीवरेज तथा पीने के पानी की लीकेज मिली, उसको ठीक करने के लिए जन स्वास्थ्य विभागाए नगर परिषद के अधिकारियों को पत्र लिखा गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों को बताया कि प्रत्येक व्यक्ति यदि थोड़ी सी सावधानी करके अपने घर तथा आसपास की सफाई करते हुए गड्ढोंए खाली पड़े टायरों व गमलों आदि में गंदा पानी खड़ा न होने देए पानी के बर्तनों को ढक कर रखें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। सप्ताह में एक बार कूलर, फूलदान, पशु व पक्षियों के पानी के बर्तनों तथा हौदी को सुखा कर ही भरे तो डेंगूए मलेरिया व चिकनगुनिया के अलावा डायरियाए हैजा व पीलिया जैसी भयानक बीमारी से लोगों को बचाया जा सकता है।

अब तक 11 केस

जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि अब तक जिला में डेंगू के केवल 11 ही मामले सामने आए हैं। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार, उल्टियां लगने, गर्मी लगने, बुखार एक दिन छोड़ कर दूसरे दिन आनाए उल्टी दस्त होने, शरीर में कमजोरी आने पर मरीज को तुरंत अपने आसपास के स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास ले जाकर खून की जांच करवाएं।

मंदिर वाली गली का निर्माण होगा

- नगर पालिका ने लगाया 16 लाख का टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

भौंगरा रोड से प्राचीन शिव मंदिर को जाने वाली गली निर्माण की राहगीरों, श्रद्धालुओं एवं विद्यार्थियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। नगर पालिका द्वारा गली निर्माण को लेकर 16 लाख रुपये का टेंडर लगाया गया है।

भौंगरा रोड से रेलवे स्टेश तक गली का निर्माण होगा। यहां पर सड़क का लेबल गली से ऊंचा होने के चलते बिना बारिश के ही जलभराव होता था। मंदिर को जाने वाले श्रद्धालुओं के अलावा स्कूल में जाने वाले विद्यार्थियों एवं राहगीरों को गंदे पानी से होकर आना-जाना पड़ता था। यहां स्थित दुकानों के मालिकों एवं मकान मालिकों का जीन दूभर गंदे पानी गली में भरने से हो जाता है।

उचाना। उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर को जाने वाली गली जिसका निर्माण नगर पालिका करवाएगी। *फोटो : हरिभूमि*

जलभराव के कारण होती थी परेशानी

गली निर्माण को लेकर टेंडर लगाए जाने पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, नपा चेयरमैन विकास काला का आभार प्रकट किया। श्रद्धालु अजमेर, राहुल, संदीप, अमित ने कहा कि प्राचीन शिव मंदिर के साथ-साथ रेलवे स्टेशन, शहर की तरफ जाने वाले लोगों के साथ-साथ स्कूल में आने-जाने वाले विद्यार्थियों को यहां पर बिना बारिश के जलभराव होने से परेशानी का सामना करना पड़ता है। सीवरेज ओवर फ्लो होने के बाद गंदा पानी गली में भर जाता है। यहां पर जलभराव होना आम बात है।

क्विज प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

- एसडी स्कूल में में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विभिन्न सदनों के बीच सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के सभागार में प्रातःकालीन सत्र में हुई। जिसमें सभी सदनों के छात्र व छात्राओं ने बड़े उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन भगत सिंह सदन के शिक्षकों ने किया। मंच संचालन कर रहे भौतिक विज्ञान प्राध्यापक हरदीप रापड़िया ने प्रतिभागियों का परिचय कराया और प्रतियोगिता के नियम बताए। उसके बाद प्रश्नोत्तरी प्रारंभ हुई।

नरवाना। एसडी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चों को सम्मानित करते हुए प्रिंसिपल रामफल चहल। *फोटो : हरिभूमि*

सामान्य ज्ञान बढ़ाने में मदद मिलेगी : प्राचार्य

प्रतियोगिता में प्रश्न खेल, साहित्य, पर्यावरण तथा वर्तमान घटनाओं से संबंधित थे। विद्यालय के प्राचार्य रामफल चहल ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ.साथ सामान्य ज्ञान बढ़ाने में मदद करती हैं। उन्होंने बताया कि जीके क्विज से छात्रों में आत्मविश्वासए निर्णय लेने की क्षमता और सार्वजनिक मंच पर अभिव्यक्ति की योग्यता का विकास होता है। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद अंततः कल्पना चावला सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रविंद्र नाथ टैगोर ने द्वितीय स्थान और भगत सिंह सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता टीमों को प्रधानाचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में किया बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

व्यक्ति के अंदर अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास पैदा करता है खेल : ज्योति सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

भिवानी। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी खिलाडियों को सम्मानित करते हुए।

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में चौधरी छोटू राम इंडोर खेल स्टेडियम कैथल में बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को नमन किया और विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने भारत को खेल जगत में एक नई पहचान दिलाई। जिसकी बदौलत आज के युवाओं का खेलों के प्रति काफी रुझान देखने को मिल रहा है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी पैदा करते हैं। ओलंपिक खेलों में मेडल लाने में सबसे ज्यादा योगदान हरियाणा के खिलाड़ियों का रहता है। आज की इस बास्केटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की मुस्कान, खेलों के प्रति उत्साह और भविष्य के लिए मेहनत देखकर अच्छा लगा।

पहला मैच हिन्दू गर्ल्स स्कूल कैथल ने जीता

जिला खेल अधिकारी राजरानी ने बताया कि बास्केटबॉल के दो मैच हुए। पहला मैच हिन्दू गर्ल्स स्कूल कैथल तथा डीएवी स्कूल के छात्राओं के बीच हुआ, इसमें हिन्दू गर्ल्स स्कूल ने विजय प्राप्त की। वहीं दूसरा मैच चौधरी छोटूराम इंडोर स्टेडियम के खिलाड़ियों और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कैथल खेल नर्सरी के खिलाड़ियों के बीच आयोजित हुआ। इसमें चौधरी छोटू राम इंडोर स्टेडियम की टीम की जीत हुई। इस अवसर पर महामंत्री सुरेश संधू, मनीष शर्मा, जिला सचिव अवदेश किशोर, रविंदर धीमान, सतपाल भारद्वाज, कार्यकारी खेल अधिकारी गुरमीत सिंह, प्रशांत, जोगिंद्र, शैलेश, संदीप, हकीकत, दिलवर और विभिन्न खेलों के कोच व स्टॉफ सदस्य मौजूद रहा।